# प्रदेश में औद्योगिक वन तैयार कर रहा यूपीसीडा

**औद्योगिक क्षेत्रों में 1.80 लाख पेड़ लगाने का लक्ष्य**

लखनऊ। औद्योगिक क्षेत्रों को हरित क्षेत्र जैसा बनाने की मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मंशा के अनुरूप उत्तर प्रदेश राज्य औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यूपीसीडा) औद्योगिक वन की स्थापना कर रहा है। यूपीसीडा ने अपने औद्योगिक क्षेत्रों में 1.80 लाख पेड़ लगाने का लक्ष्य रखा है। यूपीसीडा ने 42,000 एकड़ से अधिक में औद्योगिक क्षेत्रों, टाउनशिप और औद्योगिक पार्कों को विकसित किया है। इसमें 26 हजार से अधिक इकाइयां हैं।

यूपीसीडा औद्योगिक वन (ग्रीन इंडस्ट्रियल फॉरेस्ट) स्थापित करने के लिए मियावाकी तकनीक का उपयोग कर रहा है। ये एक जापानी वनरोपण विधि है, जिसे इसकी दक्षता और तेजी से परिणामों के लिए जाना जाता है। यूपीसीडा के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) मयूर माहेश्वरी ने कहा कि हम सभी औद्योगिक क्षेत्रों में विकास के साथ पर्यावरण को प्रदूषणमुक्त बनाने का प्रयास कर रहे हैं। पौधरोपण के लिए छोटी से छोटी बंजर भूमि का भी उपयोग कर रहे हैं। इससे धूल को कम किया जा सकेगा। ब्यूरो